चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/2237
दिनांक :- 21.8.2023

अनुस्मारक

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध विधि संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– **शैक्षिक सत्र 2023–2024 में छात्रों के प्रवेश के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

जैसा कि विदित है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2023–2024 में छात्र/छात्राओं के प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है।

उक्त के सम्बन्ध में पुनः अवगत कराना है कि भारतीय विधिज्ञ परिषद, नई दिल्ली द्वारा संस्थान/महाविद्यालयों को शैक्षिक सत्र 2023–2024 में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु प्रदत्त अनुमति पत्र विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे आपके संस्थान/महाविद्यालय को शैक्षिक सत्र 2023–2024 में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित किया जा सके।

प्रवेश प्रक्रिया समाप्त हो जाने के पश्चात भारतीय विधिज्ञ परिषद, नई दिल्ली से प्राप्त अनुमति पत्रों पर विश्वविद्यालय स्तर से कार्यवाही नहीं की जाएगी।

भवदीय,

20.08.2023

कुलसचिव

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. संयुक्त सचिव, भारतीय विधिज्ञ परिषद, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
03. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)